Rapid Fire करेंट अफेयर्स (02 November)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-november-02

राज्योत्सव दिवस: राज्य पुनर्गठन अधिनियम के अंतर्गत केरल का गठन 1 नवंबर 1956, हरियाणा का गठन 1 नवंबर 1966, कर्नाटक का गठन 1 नवंबर 1956, मध्य प्रदेश का गठन 1 नवंबर 1956 और छत्तीसगढ़ का गठन 1 नवंबर, 2000 को हुआ।

ले. जन. अनूप बनर्जी: ले. जन. अनूप बनर्जी को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। ले. जन. अनूप बनर्जी को 27 जनवरी, 2019 को राष्ट्रपति का मानद सर्जन बनाया गया था। इस पद को संभालने से पूर्व वे DGMS (सेना) के पद पर कार्यरत थे।

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम): जेम ने इंडियन बैंक और केनरा बैंक के साथ सहमति पत्र (MoU) पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत पोर्टल पर एक कैशलेस, पेपरलेस एवं पारदर्शी भुगतान प्रणाली की सुविधा मिलेगी और इसके साथ ही सरकारी निकायों के लिये एक दक्ष खरीद प्रणाली तैयार की जाएगी। इस साझेदारी के ज़रिये दोनों बैंक पोर्टल पर पंजीकृत उपयोगकर्त्ताओं को कई तरह की सेवाएँ मुहैया कराने में समर्थ हो जाएंगे जिनमें जेम पूल खातों (GPA) के माध्यम से धनराशि का अंतरण, परफॉर्मेंस बैंक गारंटी (e-PBG) और पेमेंट गेटवे से जुड़े परामर्श देना भी शामिल हैं।

> जेम भारत सरकार की एक पहल है जो विभिन्न सरकारी विभागों, संगठनों और सार्वजनिक उपक्रमों (PSUs) के लिये आवश्यक जन उपयोग की वस्तुओं एवं सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा हेतु एकल स्टॉप प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है।

गिरीश चन्द्र मुर्मू: गिरीश चन्द्र मुर्मू को केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का पहला उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

राधा कृष्ण माथुर: श्री राधा कृष्ण माथुर को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख का पहला उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।